अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 10 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल-एकादशी
विक्रम संवत-2081

PAGE NO : 05 MIDDLE

# फाल्गुन महोत्सव में गीतों पर झूमे लोग



होली के गीत की प्रस्तुति देते कलाकार। स्रोत : संस्थान

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक के रिद्धिमा में रविवार को फाल्गुन महोत्सव मनाया गया। गायन कथक भरतनाट्यम की तीनों विधाओं के गुरुओं ने होली के गीतों की प्रस्तुति दी। फाल्गुन के रंग का शुभारंभ विद्यार्थियों ने गायन से किया। विद्यार्थियों ने होली गीत रसिया को नार बनाओरी और पिचकारी न चलाओ गिरधारी ललना को अपने सुमधुर स्वरों में प्रस्तुति दी। गायन गुरु शालिनी पांडेय, गुरु तनाया भट्टाचार्य, गुरु अंशु शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। गुरु रोबिन ए ने महाकवि जयदेव रचित अष्टपदी हरि रिहा मुग्धा वादु को भरनाट्यम के जरिए प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आशामूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना मौजूद रहे। संवाद